**खबर संक्षेप**

## आदर्श नगर के रूप में विकसित करने की दिशा में सार्थक कदम - सांसद श्री कुलस्ते



**मण्डला।** नगर परिषद निवास में गुरुवार को स्वच्छता एवं शहरी विकास के क्षेत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम नगर को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक स्वरूप प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से नगर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के साथ ही नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन की भावना को मूर्त रूप देने और निवास नगर को एक आदर्श नगर के रूप में विकसित करने की दिशा में सार्थक कदम है। कार्यक्रम के तहत स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत 4 करोड़ 22 लाख रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें 327 लाख की लागत से एसटीपी निर्माण एवं नाले निर्माण का इंटरसेप्शन-डायवर्शन कार्य 40 लाख रूपए की लागत से एमआरएफ सेंटर पर अधोसंरचना निर्माण एवं मशीनरी स्थापना कार्य, मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना निर्माण योजना के तहत 50 लाख रूपए के विकास कार्य तथा 5 लाख रूपए की लागत से दुकानों के निर्माण शामिल है।

**नीता अरसिया का 12 दिनों में तीसरी बार किया गया था स्थानांतरण**

# सहायक वार्डन को हाई कोर्ट से मिली राहत

*** विभागीय लापरवाही हुई उजागर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जिला शिक्षा केंद्र मण्डला के समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत कार्यरत सहायक वार्डन श्रीमती नीता अरसिया का मामला एक बार फिर






प्रति,

विषय:-

संदर्भ:- माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर याचिका क्र. WP No. 39172/2025

महोदय जी,

[illegible]

संलग्न:-
1. माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर याचिका के निर्णय की कॉपी।
2. दिनांक 16/09/2025 बालिका छात्रावास आरोली में कार्य करने का आदेश प.क्र./ए.एस.ए./बालिका शिक्षा/2025/1209 मण्डला दिनांक 16/09/2025।

विभागीय लापरवाही का उदाहरण बनता जा रहा है। माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए उन्हें नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास आरोली (वि.खं. बिछिया) में पुनः कार्य करने के लिए औपचारिक आदेश जारी किया जाये

श्रीमती अरसिया ने बुधवार को जिला परियोजना समन्वयक को आवेदन प्रस्तुत करते हुए न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित करने की मांग की है। अपने आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि जिला शिक्षा केंद्र द्वारा 16 सितंबर 2025 को आदेश क्रमांक 1209 के तहत उन्हें आरोली छात्रावास में पदस्थ किया गया था। आदेश के पालन में उन्होंने 17 सितंबर को कार्यभार ग्रहण कर अपनी उपस्थिति दर्ज की थी, लेकिन दो दिन बाद 20 सितंबर को अचानक नया आदेश जारी कर उन्हें भैसवाही छात्रावास (वि.खं. घुघरी) भेज दिया गया। इसके बाद 23 सितंबर को आदेश क्रमांक 1245 द्वारा दोनों आदेश निरस्त कर दिए गए, जिससे स्थिति और भ्रमित हो गई।

इस मनमानी कार्रवाई के विरोध में श्रीमती अरसिया ने माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में रिट याचिका क्रमांक WP No. 39172/2025 दायर की थी। न्यायालय ने 13 अक्टूबर 2025 को पारित अपने आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए कि वे नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास आरोली में ही कार्य करें।

नीता अरसिया ने बताया कि उनकी उपस्थिति आज भी आरोली छात्रावास में दर्ज है और वे न्यायालय के आदेश के अनुसार वहीं कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि अब केवल विभागीय औपचारिक आदेश की प्रतीक्षा है ताकि वे विधिवत रूप से अपना कार्य जारी रख सकें।

इस पूरे प्रकरण ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं।

विभाग में बैठे कुछ भ्रष्ट अधिकारियों के द्वारा इन्हें नाजायज तरीके से परेशान किया जा रहा था वही 12 दिन में इनका तीसरी जगह ट्रांसफर कर दिया गया था।

ज्ञात हो कि शिक्षा विभाग में पिछले काफी समय से विभाग के जिम्मेदार उन शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते रहे हैं जो इन अधिकारियों कि न केवल मांगे पूरी करते रहे हैं बल्कि उन्हें सुविधा शुल्क भी उपलब्ध कराते रहे हैं और जिन्होंने ऐसा नहीं किया वे लगातार मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ना झेलते रहे हैं।

मण्डला विकासखण्ड जहां पर कि अतिशेष शिक्षकों की बहुतायत है बावजूद इसके दूसरे जिले से स्थानांतरित होकर आये शिक्षकों को मण्डला विकासखण्ड की शालाओं में पदस्थ कर देना आखिर इन्हीं कारनामों को उजागर करता है। अन्यथा जब पहले से अतिशेष है तो फिर दूसरे शिक्षकों की पदस्थापना की गुंजाइश कैसें। यही प्रक्रिया छात्रावास अधीक्षकों एवं उनके सहायकों के साथ भी होती रही है जिन्होंने उच्चाधिकारियों को संतुष्ट किया वे अपनी मनमानी जगह पर आसानी काम करते रहे बल्कि यह कहा जाये कि वर्षो बरस आसानी से जमे भी रहे। जबकि इन पदों पर एक निश्चित सीमा तक ही कार्यरत रहने का प्रावधान है लेकिन कहावत है कि "सैयां भये कोतवाल तो डर काहे का"।

## शासकीय महाविद्यालय बम्हनी बंजर में मनाया गया विद्यार्थी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

शासकीय महाविद्यालय बम्हनी बजर में स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. श्रीमती करुणा नेमा की अध्यक्षता में भारत का विश्व विद्यार्थी दिवस के अवसर पर डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम एक राष्ट्रपति वैज्ञानिक और शिक्षक विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। करियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ श्रीमती कुन्ती वराठे के द्वारा विद्यार्थी दिवस के आयोजन का उद्देश्य बताया गया। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए.पी.जे अब्दुल कलाम की जन्म का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को रामेश्वरम तमिलनाडु में हुआ था वैज्ञानिक उपलब्धियां के कारण उन्हें मिसाइल मैन के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने भारत के मिसाइल और परमाणु कार्यक्रमों की विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। श्री एस.पी झारिया ने अब्दुल कलाम के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक साधारण परिवार से होने के बावजूद अपनी शिक्षा को जारी रखा अपना करियर बनाया। उन्होंने मद्रास इस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में शामिल हुए। अब्दुल कलाम प्रतिभा के धनी माने जाते है। डॉ. विवेक कुमार जायसवाल क्रीडा अधिकारी ने कहां अब्दुल कलाम ने पोखरण परमाणु परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई भारत के लिए पृथ्वी, अग्नि ब्रह्मोस मिसाइले बनाई। 2002 में भी भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति बने। भारत के लिए उनका अमूल्य योगदान रहा। प्राचार्य डॉ श्रीमती करुणा नेमा ने अब्दुल कलाम के साहित्यिक एवं सामाजिक योगदान पर कहा उन्होंने अनेक पुस्तकें लिखी। विंग्स आफ फायर उनकी प्रसिद्ध किताब है। अब्दुल कलाम विज्ञान शिक्षा और युवा सशक्तिकरण के प्रेरणा स्त्रोत थे। उन्होंने हमें सिखाया जीवन में चाहे जैसी भी स्थिति क्यों ना हो पर जब आप अपने सपने पूरा करने की ठान लेते हैं तो उन्हें पूरा करके ही रहते है। आज के युवा पीढ़ी के लिए अब्दुल कलाम एक प्रेरणा स्रोत है. जो उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा जुली परते में एक छोटी सी कहानी के माध्यम से अब्दुल कलाम के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय कके समस्त स्टाफ एवं छात्र/छात्राओं की उपस्थिति सराहनी रही।

# अतुल ऑटों के सर्विस सेंटर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला




विगत दिवस दिनांक 15/10/25 को अतुल ऑटो के डीलर शोरूम एवं सर्विस सेंटर का विधिवत शुभारंभ जय भवानी ऑटोमोबाइल्स जबलपुर रोड बिझिया मंडला (म.प्र.) में अतुल ऑटो कंपनी के महाप्रबंधक श्री प्रेरित एवं प्रेमानंद महाराज ने फीता काटकर किया गया। उदघाटन अवसर पर अतुल ऑटो कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित वर्मा, राजकुमार तिवारी, सुनील कटियार के साथ ही चोला फाइनेंस के श्री गौरव, जिला अग्रणी प्रबंधक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक, अनेक बैंक एवं वित्तीय संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, साधु संत, ग्राहक उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर महाप्रबंधक श्री प्रेरित ने कम्पनी के तीन पहिया वाहनों की गुणवत्ता एवं विशेषताओं पर विस्तार से चर्चा की साथ ही कहा की ऑटो की गुणवत्ता एवं ग्राहकों की संतुष्टि ही कंपनी का मूलमंत्र है। विक्रय पश्चात सर्विस की पूरी गारंटी दी जाती है, इसलिए हमारी कंपनी ऑटो उद्योग की अग्रणी कंपनी है। त्यौहारों पर प्रत्येक ऑटो की खरीद पर निश्चित उपहार की व्यवस्था है, सरकार की मांग के अनुरूप ही जी.एस.टी. का लाभ प्रत्येक ऑटो खरीददार को दिया जा रहा है, उन्होंने अनुरोध किया है कि अतुल ऑटो खरीदकर सभी योजनाओं का लाभ उठावें। अतुल ऑटो डीलर जय भवानी ऑटोमोबाइल्स के संचालक ने सभी का आभार व्यक्त कर गुणवत्ता पूर्ण सेवा का भरोसा दिलाया।

## वन नेशन-वन इलेक्शन के तहत जिला छात्र सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



वन नेशन-वन इलेक्शन अभियान के तहत स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन द्वारा जिला स्तरीय छात्र सम्मेलन का आयोजन पीएम श्री महाविद्यालय के सभागार में किया गया। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में एक सशक्त संवाद सत्र हुआ, जिसमें एक देश – एक चुनाव की अवधारणा के दूरगामी सकारात्मक परिणामों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अभियान के जिला संयोजक श्री मंगलेश चक्रवर्ती द्वारा अभियान की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान न केवल प्रशासनिक सुधार की दिशा में है, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और प्रभावशाली बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मध्यप्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन देश के लिए एक आवश्यक पहल है। यह विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक मजबूत सीढ़ी साबित होगी।

उन्होंने इस पहल को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच का प्रतीक बताया, जो प्रशासनिक सुदृढ़ता और लोकतांत्रिक एकता दोनों को मजबूत करेगी।

मुख्य वक्ता अभियान की प्रदेश सदस्या सुश्री अंकिता तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का यह विजन एक स्थिर, सुरक्षित और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में "मील का पत्थर" साबित होगा।

उन्होंने कहा यह केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि लोकतंत्र की परंपराओं को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और सुचारू बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन राजनीतिक स्थिरता और विकास के नए युग की शुरुआत करेगा। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे इस अभियान से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय कुशराम ने अपने वक्तव्य में शिक्षा के क्षेत्र में वन नेशन वन इलेक्शन से होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों से शिक्षण सत्रों पर पड़ने वाला प्रभाव समाप्त होगा और शिक्षा व्यवस्था में निरंतरता बनी रहेगी।

कार्यक्रम में अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में विंध्य शिक्षा समिति कॉलेज मंडला के प्राचार्य डॉ. आशीष ज्योतिषी, पीएम महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष चंद्रशेखर निखारे, तथा अभियान के जिला सह संयोजक रहीश ठाकुर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम संचालन सदस्य सुश्री उर्वशी राय द्वारा किया गया जबकि आभार प्रदर्शन सदस्य आनंद मरावी ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों, पत्रकार बंधुओं, छात्र-छात्राओं, प्रशासनिक अधिकारियों एवं सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में युवा, छात्र-छात्राएं, मातृशक्ति, वरिष्ठजन और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

युवा कार्यकर्ताओं में आशीष झरिया, वेद प्रकाश कुलस्ते, अजित सिहानी, विकास गोस्वामी, राहुल यादव, दीपांशु दुबे, शुभम कच्छवाहा, सावन, अमन, उत्कर्ष, आनंद, ब्रजेश, जितेंद्र, अनुज, रक्षा, आस्था, खुशबू, आर्यन, दीना, पीयूष, विशाल आदि सैकड़ों युवाओं ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। यह सम्मेलन "वन नेशन – वन इलेक्शन" जैसे जन-जागरण अभियान को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में एक सशक्त पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें छात्र शक्ति को राष्ट्र निर्माण के मुख्य प्रवाह से जोड़ने का संदेश दिया है।

**विरोध प्रदर्शन** | **खण्ड शिक्षा अधिकारी की अन्यत्र पदस्थापना की मांग**

# आवासीय विद्यालय के प्राचार्य को हटाया जाये

*** विभिन्न मांगों को लेकर गोंगपा ने किया प्रदर्शन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा जिले की प्रशासनिक लचर व्यवस्था को लेकर एक दिवसीय प्रदर्शन किया गया, संगठन की मांग है कि निवास पिपरिया के एकलव्य आवासीय विद्यालय में पुनः पदस्थ प्राचार्य का ट्रांसफर सहित ब्लॉक मेडिकल अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी निवास को यहाँ से अन्यत्र पदस्थापना की जाये। साथ ही एकलव्य छात्रावास मामले में जब सभी निलंबित कर्मचारियों की वापसी हो गई तब आउट शोर्स महिला स्वास्थ्य कर्मचारी को भी सेवा में वापसी किया जाना चाहिये।

पार्टी के संभागीय प्रवक्ता राधेश्याम ककोडिया ने मंच से मंडला सांसद व निवास विधायक को आड़े हाथों लेते कहा कि इन आदिवासी नेताओं के रहते आदिवासी समाज को न्याय पाने आंदोलन प्रदर्शन करना पड़ रहा है ये शर्म की बात है।



वहीं जिला प्रशासन पर भी आरोप लगाते हुये कहा कि जब जिले की प्रशासनिक व्यवस्था नहीं सम्हल रही तब ऐसे अधिकारी हमें नहीं चाहिये।

गोंगपा नेताओं ने निवास एसडीएम को सौपें ज्ञापन में उल्लेखित शिकायतों पर जल्द कार्रवाई की मांग की है, अन्यथा की स्थिति में पुनः जिला में वृहद आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

उक्त प्रदर्शन में राधेश्याम ककोडिया जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह, बीजाडांडी ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह बरकड़े, निवास ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम कुम्हरे, नैन सिंग, बालाराम मरकाम, ओबीसी महासभा निवास अध्यक्ष अशोक नामदेव सहित बड़ी संख्या में गोंगपा के नेता व आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाल विकास विभाग द्वारा पोषण प्रदर्शनी का आयोजन




**भुआबिछिया।** पोषण माह अंतर्गत महिला एवम बाल विकास विभाग बिछिया द्वारा पोषण प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद उपाध्यक्ष रणधीर सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में भुआ बिछिया में किया गया। जिसमे उपस्थित महिलाओं को इस कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण माह के अंतर्गत निर्धारित थीम के अनुसार आवश्यक गतिविधियां आयोजित करने की एवं इससे समुदाय में पोषण संबंधी आदतों में सुधार की जानकारी किस प्रकार से क्षेत्र में दी गई इसके बारे में बताया गया कुपोषण को कम कर सभी के लिए समग्र स्वास्थ्य में सुधार करना, मोटापा नियंत्रण के लिए आहार में नमक, शक्कर एवम तेल कम करना, आहार में स्थानीय संसाधनो को शामिल करना, शिशु एवम बाल आहार प्रथाएं (IYCF), एक पेड़ मां के नाम आंगनवाड़ी में ईसीसी गतिविधियां इत्यादि के बारे में बताया गया। एवं पोषण माह का समापन किया गया कार्यक्रम में महिला एवम बाल विकास परियोजना अधिकारी विनोद वाहने, पर्यवेक्षक एवम आँगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।



**विश्वास का प्रतीक अम्बाजी ज्वेलर्स पर हर वर्ष की तरह उमडेगी ग्राहकों की भीड़..**

# धनतेरस पर आज छह देवताओं का होगा पूजन

## धन की वर्षा की तैयारी में दुल्हन की तरह सजा बाजार









हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

इस वर्ष आज 18 अक्टूबर दिन शनिवार यानि न्याय के देवता भगवान शनिदेव व संकटो से मुक्ति दिलाने वाले भगवान हनुमानजी के विशेष दिन को पड़ने के कारण निश्चित तौर से धनतेरस का महत्व और अधिक बढ़ गया है। वही दूसरी ओर शहर का बाजार पूरी तरह नई दुल्हान की तरह सज गया है और व्यापारियों को उम्मीद है कि धनतेरस के दिन बाजार में जमकर धनवर्षा होगी। वही दूसरी ओर देखा जावे तो धनतेरस की शुभ मुहर्त पर जिस तरह सोना चांदी खरीदने का महत्व होता है उसके चलते हर वर्ष की तरह नगर ही नही संपूर्ण क्षेत्र में अपने विश्वास का प्रतीक बन चुके अम्बाजी ज्वेलर्स, लूनावत ज्वेलर्स पर ग्राहको की भीड़ उमड़ने से नही चूकेगी। यह बात अलग है कि कुछ लोगों द्वारा जिस तरह एक गुना के बदले डेढ़गुना उपहार बाटते हुये ग्राहकों की नगर में अपने आप ही विश्वास खोते चले जा रहे है..? उपहारों की बौछार को देखते हुये लोगों में इस बात की संदेह होने से नही चूक रहा है कि जब कोई व्यक्ति अपनी सामग्री से दूगना उपहार दे रहा है तो निश्चित ही कुछ न कुछ तो दाल में काला होगा..? इसी का परिणाम है कि लोगों का हीरे की ओर मोहभंग होने के चलते अब वह सोने की दीपक की रोशन के बीच चैत्नयता से खरा सोना खरीदने की सोच बनाते हुये दिखाई देने लगे है। क्षेत्र में जिस तरह लूनावत ज्वेलर्स व अम्बाजी ज्वेलर्स द्वारा जिस तरह वर्षो में ग्राहको के बीच अपना विश्वास कायम किया गया है उसी का परिणाम है कि यहां पर सिर्फ गाडरवारा क्षेत्र ही नही बल्कि संपूर्ण क्षेत्र के ग्राहक पहुचंकर खरीददारी करते हुये देखे जाते है। इसी के चलते संपूर्ण क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वालों की इन दुकानों पर ग्राहक वर्षो के विश्वास के बीच आज ग्राहको के अपने विश्वास को कायम करने के लिये पूरी तरह तैयार दिखाई पड़ रहा है। इस संबंध में ज्वेलर्स के संचालकों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि आज हम जिस स्थिति में देखे जा रहे है वह हमारे ग्राहको का विश्वास व उनका प्रेम ही हमारी सफलता की कुंजी बना हुआ है। वही दूसरी ओर शहर के अनेक कर्मकांडी पंडितों ने बताया कि इस वर्ष की धनतेरस अच्छा संयोग होने से विशेष महत्व वाली रहेगी। खास बात यह है कि धनतेरस के दिन न्याय के देवता भगवान शनिदेव तथा संकटो से मुक्ति दिलाने वाले हनुमानजी का प्रिय दिवस होने के साथ ही अरोग्य के देवता धन्वन्तरी की पूजा, अर्चना कर उनका आशीष लेने का सौभाग्य भक्तों को मिलेगा। धन तेरस का शुभ मुहुर्त्त आज 18 अक्टूबर को अच्छा रहेगा तथा इस दिन मनहारी वस्तुओं की खरीददारी करने से घरों का माहौल स्वतः मंगलमय बन जाएगा। वही देखा जा रहा है कि गुरू पुष्प के दिन सजे बाजार की रौनक को अब नए पंख लगने की शुरूआत हो गयी है। दीपावली आने के पहले इलेक्ट्रानिक समानो, कपड़ो, आभूषणो, वर्तनो, दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहनों पर ग्राहको की भीड़ बढ़ने के सिलसिले से व्यापारियों के चेहरे खुशी से दमकने लगे है और उन्हे यह अहसास होने लगा है कि धन वैभव की देवी लक्ष्मीजी का प्रवेश बाजार में आज धन तेरस से हो चुका है, जिसके चलते धनतेरस पर आज नगर का बाजार पूरी तरह गुलजार हो जाएगा जिसके चलते बाजार की चहल पहल से उत्साहित व्यापारियों ने जहां ग्राहको को खरीददारी करने आकर्षित करने उपहार योजनाएं प्रारम्भ कर दी है। क्योंकि धन तेरस के मौके पर झाड़ू खरीदने का विशेष महत्व बताया गया है। इसी के चलते नगर में बाहर से भारी मात्रा में झाड़ू विक्रय करने वाले लोग आये हुये है जो अपने परिवार व मासूम बच्चों के साथ नगर की सड़को के किनारे डेरा डालते हुये अपनी दुकाने सजाने में जुडे हुये दिखाई दे रहे थें। नगर के शनि मंदिर के पास पशु बाजार परिसर के पास लगी हुई फटाखा दुकानदारो ने अपनी अस्थायी दुकानें निर्मित कर ली है। जिनमें स्वदेशी बने फटाखो की रेंज सजायी जा रही है, बाजार की रंगीनी का आलम यह है कि उसमें दीपकों, लक्ष्मी जी, भगवान श्रीगणेश के चित्रों, घरो के सजावट के सामान, गिप्ट आईटमो की दुकानें बड़ी संख्या में नजर आ रही है। इसी प्रकार से शहर के बाजार में फलो, मिठाईयो की दुकानो की रौनक में भी चार चांद लगे नजर आ रहे है। इस वर्ष दीपावली के लिए सजे बाजार की विशेषता यह है कि बाजार में चायनीज चीजो से लोगों की दूरी के कारण सच्चाई यह है कि बदलाब के दौर में युवा, बच्चे देश भक्ति का स्वरूप देते हुए देशी चीजें अधिक पसंद कर रहे है। इनके अलावा ब्रांडेड कम्पनी के कपड़ों, दो पाहिया वाहनो की खरीददारी की रूझान युवाओं में अधिक परिलाक्षित हो रही है, जिसके चलते नगर के वर्तन भंडारों को व्यापरियों द्वारा अच्छे से सजाया गया है जिसमें नगर में ग्राहकों के लिए वर्षो से विश्वास का प्रतीक माने जाने वाले शुभम स्टील वर्तन भंडार के संचालक आकाश साहू द्वारा ग्राहको की सेवा में अच्छे से सजाया गया है तथा आज धनतेरस की शुभ बेला हेतु ग्राहकों के लिए उचित दामों पर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न प्रकार के वर्तन बुलाये गये है जो ग्राहकों का मन मोहते हुए देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर दो पाहिया वाहनों की दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों को दुल्हान की तरह सजाया गया है। वही नगर के व्यापारियों ने बताया कि बाजार में ग्राहकों की बढ़ोत्तरी से आवागमन की व्यवस्थाएँ बनाने के लिये नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर की साफ सुधरा रखने के आदेश जारी किये गये है, जिससे निश्चित ही आज नगर की सुन्दरता में चार चांद लगे हुये दिखाई देने से नही चूक पायेगे।

## नरवाई और फसलों के अवशेषों में आग लगाने पर कलेक्टर ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। अक्सर देखा जाता है कि किसान द्वारा अपने खेतों में धान सहित अन्य फसलों की कटाई करते हुये शेष बचे हुये अवशेषों (ठूटों) में आग लगा देते है जिसके चलते जहां पर्यावरण को क्षति पहुंचती है। वही दूसरी ओर खेतों की ऊरर्वरा शक्ति भी प्रभावित होने से नहीं चूकती है। इसी के चलते जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने वायु मंडल, पर्यावरण एवं भूमि की क्षति को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक हित में जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र के लिए नरवाई जलाने की प्रथा पर तत्काल अंकुश लगाने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जन सामान्य को बाधा, क्षति, मानव जीवन स्वास्थ्य, क्षेम के खतरे के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए खेत में खड़ी फसलों के डंठलों (नरवाई) एवं फसल अवशेषों में आग लगाए जाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। बताया जाता है कि यह आदेश 16 अक्टूबर 2025 से 2 माह की अवधि के लिए प्रभावशील रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। पर्यावरण विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अंतर्गत नरवाई में आग लगाने वालों के विरूद्ध क्षतिपूर्ति के लिए दंड का प्रावधान किया गया है। जिसके तहत दो एकड़ तक के कृषकों को 2500 रुपया तथा 2 से 5 एकड़ तक के कृषकों को 5 हजार रुपये और 5 एकड़ से बड़े कृषकों को 15 हजार रुपये का अर्थदंड प्रति घटना का प्रावधान किया गया है। जिला दंडाधिकारी ने जारी आदेश में बताया कि उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा संज्ञान में लाया गया कि जिले की राजस्व में फसल कटाई के पश्चात अगली फसल के लिए खेत तैयार करने के लिए बहुसंख्यक कृषकों द्वारा अपनी सुविधा के लिए खेत में आग लगाकर फसल काटने के उपरांत भूमि में जड़ व डूढ (नरवाई) को नष्ट कर खेत साफ किया जाता है। इसके चलते व्यापक अग्नि दुर्घटनाएं होकर जन- धन की हानि होती है। इसे नरवाई में आग लगाने की प्रथा के नाम से भी जाना जाता है। नरवाई में आग लगाने पर प्रतिबंध लगाया जाना जनहित में आवश्यक है। जारी आदेश के अनुसार नरवाई में आग लगाने से भूमि में उपस्थित माइक्रोब्ज की क्षति होती है। साथ ही यह पर्यावरण की दृष्टि से भी हानि कारक है तो दूसरी ओर इसके कारण विगत वर्षों में गंभीर अग्नि दुर्घटनाएं घटित हुई है तथा व्यापक संपत्ति की हानि कारित हुई है। ग्रीष्म ऋतु में इससे जल संकट में बढ़ोत्तरी तो होती ही है साथ ही कानून व्यवस्था के लिए भी विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती हैं। मप्र शासन के पर्यावरण विभाग द्वारा वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 19 (1) के अंतर्गत जारी अधिसूचना के माध्यम से वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 के प्रावधानों के अनुपालन के लिए सम्पूर्ण मध्यप्रदेश को वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए अधिसूचित किया गया है। मप्र में वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा (5) के तहत नरवाई जलाना तत्समय से तत्काल प्रतिबंधित किया गया है, जो कि वर्तमान में निरंतर है।

# प्रदेश के शिक्षा मंत्री सहित लोक स्वास्थ्य मंत्री की मौजूदगी में हुआ 69वीं राज्य स्तरीय शालेय व्हालीबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन












हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्थानीय पुराने कालेज खेल मैदान पर आयोजित 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय व्हालीबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता का बीते हुये शुक्रवार को पुरूस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल मौजूद रहे। वही समापन समारोह की अध्यक्षता क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के स्कूल शिक्षा तथा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा की गई। इस मौके पर अन्य विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा की मौजूदगी में कार्यक्रम का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में अलग अलग संभागों से शामिल हुई टीमों के बीच शुक्रवार को बालक वर्ग के फाइनल मैच मे जबलपुर संभाग ने रीवा को एवं बालिका वर्ग के फाइनल मैच मे रीवा संभाग ने जबलपुर संभाग को 2-0 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वही प्रतियोगिता मे तृतीय स्थान बालक वर्ग में इंदौर संभाग एवं बालिका वर्ग मे नर्मदापुरम को मिला। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि खेल में अनुशासन होता है, हार- जीत होती है और खेल से ही हमें अपने जीवन को अनुशासित होकर जीने की प्रेरणा मिलती है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में खेलों को प्राथमिकता दी है, स्पेस प्रोग्राम बढ़ाएं हैं। सैनिक अभियान चलाए हैं, चिकित्सा सुविधा बढ़ाई है, शिक्षा व्यवस्था बेहतर किया है, अर्थ व्यवस्था में सुधार सहित विभिन्न क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं। जिससे भारत देश विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। समापन समारोह के अवसर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये प्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल कार्यक्रम को संबोधित करते हुये किया कि राव उदय प्रताप सिंह ने जब से गाडरवारा क्षेत्र में कार्यभार संभाला है यहां की रौनक की बदल गई है। आज यहां पर इस तरह आयोजित होने वाली प्रदेश से लेकर राष्ट्र स्तर की खेल प्रतियोगिता को चलते गाडरवारा का नाम रोशन हो रहा है। इस मौके पर जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा सहित विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मंत्री उदय प्रताप सिंह ने 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय व्हालीबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता में विभिन्न संभागों के पहुंचे सभी खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुये उन्होंने विजेता और उप विजेता टीम सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। समापन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती पूजन के साथ हुआ वही स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। वही कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक व जिला कलेक्टर रजनी सिंह द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक साधना स्थापक, नरेश पाठक जिला पंचायत सदस्य डा योगेश कौरव, धनजंय पटैल, मिनेन्द्र डागा, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह, धर्मपाल सिंह, सुरेश श्रीवास्तव, चीचली भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव, पार्षद आनंद दुबे, शुभम राजपूत, भाजपा नेत्री श्रीमति शिरोमणी चौधरी, भाजपा महिला मोर्चा श्रीमति पूजा तिवारी, पूर्व नपा अध्यक्ष ममता पांडे, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक भार्गव, घनश्याम सिंह राजपूत, भपेन्द्र ठाकुर के आलवा संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर अरुण इंगले, अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावती ब्यारे, तहसीलदार प्रियंका नेताम, ब्लाक शिक्षा अधिकारी सीमा डोंगरे, नीलम मरावी, बीआरसी डी के पटैल, संदीप स्थापक सहित अन्य लोग मौजूद थें। इस दौरान आयोजित प्रतियोगिता में मे विजेता, उपविजेता, तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को ट्राफी सहित उत्कृष्ट खिलाड़ियों मे सर्वश्रेष्ठ लिब्रो के लिए साहिल सोनी, आयुषी ठाकुर, सर्वश्रेष्ठ सेटर के लिए अभय यादव, सौम्या तोमर, अटेकर के लिए शानू विश्वकर्मा, अनमोल सिंह एवं ऑल राउंडर के लिए सूरज पासवान, मानवी यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के अंत मे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वज अवरोहण कर समापन की घोषणा की गई।

## विधिक साक्षरता शिविर के दौरान स्कूली बच्चों को बाल अपराधों की जानकारियों से कराया अवगत



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। मासूम बच्चों के साथ घटित होने वाले बाल अपराधों से बचाव को ध्यान में रखते हुये मा. म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं मा. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष मा. अखिलेश शुक्ला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा के अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश श्रीमति संतोषी वासनिक के मार्ग दर्शन में बीते हुये दिवस नगर के वेंदांता कान्वेन्ट स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मा. न्यायाधीश विनय सोनी जेएमएफसी की मौजदूगी में आयोजित शिविर में स्कूली बच्चों को बहुत ही सरल भाषा में मोबाईल से संबंधित छोटे छोटे अपराधों जैसे अश्लील विडियो, मैसेज, टिप्पणीयो सहित सायबर क्राइम व फर्जी काल के दौरान आने वाली ओटीपी के संबंध में जरूरी जानकारिया देते हुये सावधानियों से अवगत कराया गया। वही मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी देते हुये बच्चों को दो पहिया वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग न करने तथा गाडी धीरे चलाने सहित यातायात के नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही लैगिंक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 के विधिक प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। विधिक सेवा समिति से लिपिक श्रीमति शिखा सोनी, पीएलव्ही शेख रहीम खान सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## नर्मदा शुगर मिल द्वारा किसानों को किया बोनस का वितरण, जरूरत के समय काम आने वालों को सदा याद रखा जाता है



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। इस समय देखा जावे तो क्षेत्र का किसान जहां प्रकृति की मार झेलते हुये किसी तरह खेती को अपनी रोजी रोटी का जरिया बनाये हुये रात दिन एक करते हुये खेतों में पसीना बहाने से नही चूक रहा है। इस तरह खून पसीना एक करते हुये तेयार की जाने वाली फसल का जब विक्रय करने का अवसर आता है तो अन्नदाता को अपनी फसल बेचने के लिये किस तरह के पापड़ बेलने पड़ते यह सच्चाई शायद ही कही नही छिपी होगी। क्योंकि शासन द्वारा की जाने वाली समर्थन मूल्य की खरीदी के दौरान जहां किसानों को अपनी फसल की गुणवत्ता साबित करने के लिये चढ़ोत्तरी करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है। वही दूसरी ओर जब किसानों को अपने खेतों में बोनी करने के लिये खाद की जरूरत रहती है तो उसके चलते दिन दिन भर लाईनों में भूखे प्यासे खड़े रहने के लिये मजबूर होना पड़ता है। इतना ही नही किसानों द्वारा विक्रय की जाने वाली फसल का भुगतान पाने के लिये अधिकारियों द्वारा इस तरह चक्कर कटाये जाते है कि मानों किसान उनसे कोई कर्ज मांग रहे हो..। सही मायने में देखा जावे तो सरकार द्वारा किसानों को उसकी फसल का उचित मूल्य दिलाने का वादा तो किया जाता है। मगर भुगतान के लिये जिस तरह भटकाया जाता है जिसके चलते जरूरत पढ़ने पर किसान अपनी मेहनत से तैयार की गई फसल का उपयोग नही कर पाता है। इस बात की सच्चाई कुछ माह पहले जिस तरह किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय की गई मूंग के भुगतान के रूप में देखने मिल रही है। अनेक किसानों के खातों में मूंग विक्रय कर राशि नही आने के चलते वह जहां बैकों के चक्कर काटते हुये देखे जा रहे है और उनकी दीवाली की खुशियाँ मायूसी के बीच तब्दील होने से नही चूक रही है। मगर वही दूसरी ओर क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर उद्योग संचालित करने वाले जरूर किसानों के दुख दर्द में उनकी मदद करने में पीछे नही रहते है। कुछ इसी प्रकार से सालीचौका के पास संचालित नर्मदा शुगर मिल द्वारा जिस तरह गन्ना उत्पादन करने वाले किसानों को दीवाली के अवसर पर बोनस के रूप में राशि का वितरण किये जाने से अन्नदाता के चेहरों पर खुशी लाने में कोई कसर नही छोड़ी है। इस संबंध में किसानों का कहना है कि भले ही शासन प्रशासन हमारा साथ न दे मगर विनीत भैया कभी भी किसानों को परेशान नही होने देते है। उनके द्वारा हम लोगों को जिस तरह वोनस के रूप में राशि प्रदान की गई उसके चलते दीवाली की खुशियों की उमंग बढ़ा दी गई है। वही दूसरी ओर इस संबंध में जब शुगर प्रबंधन से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि आज हम जिस मुकाम पर पहुंचे है वह हमारे गन्ना पैदा करने वाले किसानों की देन है। यदि इनके द्वारा गन्ना पैदा नही किया जाता तो हम अपना उद्योग केसे चला पाते। यदि मेरे किसान भाई दीवाली खुशियों के बीच नही मना पायेगे तो हमको भी खुशी मनाने का कोई अधिकार नही है। इस तरह नर्मदा शुगर मिल द्वारा अपने गन्ना उत्पादक किसानों को दीवाली के पूर्व बोनस राशि का वितरण करते हुये उनके चेहरों पर खुशियों की मुस्कान लाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है।

## खुले मैदान में फैकी जाने वाली दबाईयाँ निश्चित तौर से बन सकती है किसी बड़ी घटना का कारण





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि एक दबाई से व्यक्ति की जिन्दगी को सुरक्षित कर दिया जाता है। मगर उस दबाई का महत्व तब होता है जब डाक्टर द्वारा किसी मरीज की बीमारी की पहचान करते हुये उसे उपयोग करने के लिये सही ठहराया जाता है। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा बगैर जानकारी के कोई दबाई का उपयोग करता है तो निश्चित तौर से वह जहर के समान होती है..? इसी के चलते दबाई दुकानों पर सजे हुये शोकेसों में अक्सर पाईजन लिखा हुआ देखा जाता है..। क्योंकि बगैर डाक्टर के संजेसन के हर दबाई जहर के समान है यदि कोई डाक्टर उसका उपयोग करने के लिये मरीज को लिखता है तभी वह जीवन वचाने वाली संजीवनी का काम करती है। इस स्थिति में यदि कही दबाईयाँ बिखरी पड़ी हो और उन्हें कोई मासूम बच्चे खा लेवे तो क्या हाल होगा इसकी कल्पना करना तक मुश्किल है..? इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर के पायपास मार्ग यानि की जमाडा रोड तिरहा से रायल पैलेस जाने वाले मार्ग पर देखने मिली। बताया जाता है कि किसी व्यक्ति द्वारा भारी मात्रा में सड़क किनारे दबाईयों को फेके जाने के कारण उन दबाईयों में शामिल अनेक प्रकार के कैप्सूल, सीरप, गोलिया सहित विभिन्न प्रकार के पाईच जब लोगों ने इस प्रकार सड़क के किनारे पड़े हुये देखे गये तो हैरत में पड़ने से नही चूक पा रहे थें। इस तरह दबाईयों को लापरवाह तरीके किसी मेडीकल संचालक या फिर डाक्टर के द्वारा इन दबाईयों की उपयोग करने की तिथि समाप्त (एक्सपायरी)हो चुकी होगी या फिर शासन द्वारा इन दबाईयों को प्रतिबंधित कर दिया गया होगा जिसके चलते अपनी सच्चाई छिपाने के लिये उनका फेका गया होगा..? क्योंकि इतनी अधिक मात्रा में यह दबाईयाँ किसी के घर तो रखी नही होगी। इस तरह दबाईयों को खुले मैदान में फैकने के चलते यदि इस मार्ग से निकलने वाले या फिर आसपास निवास करने वाले लोगों के छोटे बच्चे ना समझी के चलते खा लेने तो उनका क्या हाल होगा इसकी कल्पना करना भी शायद संभव नही हो पायेगा..? निश्चित तौर से इस तरह के लोगों की यह लापरवाही मासूमों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक पायेगी। इस सच्चाई की जानकारी जब हमारी टीम को लगी तो इस सच्चाई से क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुये खुले मैदान से इन दबाईयों को हटवाने के लिये कार्यवाही के संबंध में मांग की गई। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि इस तरह खुले मैदान में दबाईयों को फैकने वालों की लापरवाही निश्चित तौर से मासूम बच्चों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक पायेगी..? इस तरह के लोगों की खोज खबर लेते हुये प्रशासन को सख्त कार्यवाही करना चाहिये।















# कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने किया विकासखंड बजाग के ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण

डिंडौरी।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने विकासखंड बजाग के विभिन्न ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत गीधा में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का जायजा लेते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जल निगम द्वारा संचालित नल-जल योजना का भी घर-घर जाकर अवलोकन किया और ग्रामीणों से पेयजल उपलब्धता की जानकारी ली।कलेक्टर ने सरपंच एवं सचिव को नल-जल योजना का नियमित संचालन एवं मेंटेनेंस कार्य हेतु जलकर वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राही अनीता बाई से बातचीत की, जिन्होंने बताया कि उनके पति स्व. कोमल नंदा की दुर्घटना में मृत्यु के पश्चात उन्हें संबल योजना का लाभ नहीं मिला है। इस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत को तत्काल योजना की राशि दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बालक आश्रम शाला गीधा का निरीक्षण किया, जहां कक्षा पहली से पांचवीं तक के छात्र अध्ययनरत हैं। उन्होंने बच्चों से किताबें पढ़वाकर शिक्षा स्तर की जानकारी ली और शिक्षण कार्य की प्रगति पर चर्चा की। साथ ही आवास, रसोई, भंडार और भोजन कक्ष का निरीक्षण करते हुए खाद्य सामग्री की एक्सपायरी डेट की जांच की तथा छात्रावास अधीक्षक को मीनू के अनुसार भोजन प्रदाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्रम के मुख्य द्वार पर स्थानीय गोंड़ी चित्रकला से सजावट कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत बोंदर में नल-जल योजना का निरीक्षण किया। सचिव द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन सुबह 30 मिनट पेयजल आपूर्ति की जाती है। इस पर कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई को प्रतिदिन सुबह और शाम 1-1 घंटे पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम पंचायत पड़रिया डोंगरी स्थित शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बजाग का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा 10वीं के छात्रों से वन-टू-वन चर्चा कर उन्हें अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया और बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को



शासन की योजनाओं जैसे स्कूटी एवं लैपटॉप वितरण का लाभ मिलेगा। साथ ही जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र को उनकी ओर से नगद पुरस्कार देने की घोषणा की। कलेक्टर ने विद्यालय प्रभारी को पाठ्यक्रम शीघ्र पूर्ण कराने और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने आगे निर्माणाधीन शासकीय आईटीआई कॉलेज का निरीक्षण करते हुए पीआईयू लोक निर्माण विभाग के यंत्री को मार्च 2026 तक निर्माण कार्य पूर्ण करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि गुणवत्ता मापदंडों का पालन न करने पर ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

इसके साथ ही कलेक्टर ने निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया उक्त स्वास्थ्य केन्द्र 30 पलंग, मेल और फीमेल वार्ड, 2 जी, 2 एच, 2 एफ टाइप के आवास भी बनाए जा रहे हैं। कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष जताया। उन्होंने ठेकेदार को निर्माण कार्य में लापरवाही करने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी। और स्वास्थ्य विभाग के सब-इंजीनियर को तीन-तीन दिन के अंतराल में कार्य प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जा सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तैयार हो जाने से विकासखंड बजाग के ग्रामीण अंचलों के लोगों को स्वास्थ्य उपलब्ध हो सकेगी।

बजाग में संचालित कृषि सहकारिता केन्द्र एवं शासकीय उचित मूल्य की दुकान में कलेक्टर ने औचक निरीक्षण कर कोदो-कुटकी के हो रहे पंजीयन का अवलोकन किया। जहां पर पंजीयन केन्द्र प्रभारी ने बताया कि नियमित रूप से कृषकों का पंजीयन किया जा रहा है जिससे कोदो-कुटकी खरीदकर कोदो-कुटकी प्रसंस्करण भेजा जाएगा।



वहीं पर संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में रखे डीएपी, यूरिया, पोटाश, सुपर फास्फेट आदि के गोदाम का भी निरीक्षण किया। साथ ही साथ स्टॉक पंजी, वितरण पंजी, बिल रसीद का भी अवलोकन करते हुए प्रबंधक को किसानों को समय पर खाद, बीज उपलब्ध करान के निर्देश दिए। यदि खाद, बीज की मात्रा कम होने पर तुरंत मांगपत्र भेजकर सामग्री मंगवाने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की परेशानी आने पर हमसे बात कर सकते हैं।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय तहसील बजाग का भी निरीक्षण किया और तहसीलदार को तहसील प्रांगण में फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने बजाग रैयत में मत्स्यपालन विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत निर्माणाधीन तालाब एवं मत्स्य उत्पादन कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हितग्राही श्री शंकर सिंह धुर्वे, ग्राम बजाग रैयत की योजना के अंतर्गत स्व-भूमि पर तालाब का निर्माण वर्ष 2021-22 में एवं इनपुट्स कार्य किया गया है। यह परियोजना 1.00 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थापित की गई है, जिसकी कुल लागत लगभग 11.00 लाख है।

मत्स्यपालन हेतु कुल 10,000 मत्स्य बीज का संचयन किया गया तथा मत्स्य आहार के रूप में 5 टन सामग्री पर 2.00 लाख की लागत आई। इस योजना से लगभग 4.00 मैट्रिक टन मत्स्य उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे प्रति वर्ष लगभग 4.00 लाख की शुद्ध आय संभावित है। तालाब में रोहू, ममूरा, कतला, रूपचंद्रा, सिल्वर आदि मछलियों का उत्पादन किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से



मत्स्य व्यवसाय में ग्रामीण हितग्राहियों को रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

अंत में कलेक्टर ने मत्स्य पालन शंकर लाल धुर्वे को और बेहतर कार्य करने को कहा। जिससे अधिक से अधिक मछली का उत्पादन कर बजाग के साथ-साथ जिले के अन्य बाजारों में विक्रय कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने ग्राम पंचायत भानपुर में सत्यनाथ स्व-सहायता समूह के द्वारा मां की बगिया योजना के अंतर्गत आधा एकड़ भूमि पर आम और नीबू के पौधे लगाए जा रहे हैं। जिस पर कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कहा कि बडे पौधे लगाए जाएं और नियमित रूप से सिंचाई की जाए। मनरेगा प्रभारी श्री प्रदीप शुक्ला को समय-समय पर सुपरवीजन करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत तरच में हरिहर स्व-सहायता समूह केन्द्र का निरीक्षण किया। जहां पर ग्राम में 18 स्व-सहायता समूह संचालित हैं। जिनके द्वारा कोदो-कुटकी एकत्र कर मशीन के द्वारा प्रोसेसिंग करने के पश्चात समूह की दीदीयों के द्वारा अच्छी पेकिंग कर डिंडौरी के साथ-साथ जबलपुर, भोपाल जैसे महानगरों में भी कोदो-कुटकी के उत्पादक बेचने को कहा। वहीं पर स्व-सहायता समूह आदित्य आजीविका स्व-सहायता समूह, महिला जागृति स्व-सहायता समूह, मैया जागृति स्व-सहायता समूह, लक्ष्मी बाई स्व-सहायता समूह की दीदीयों के द्वारा कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया से चौपाल में बैठकर ग्राम के विकास एवं कोदो-कुटकी के प्रसंस्करण को और बड़ा बनाने की बात कही। जिस पर कलेक्टर ने उन्हें आवश्यक सुझाव दिए। वहीं पर ग्राम तरच टोला में बंजारी स्व-सहायता समूह के द्वारा चावल प्रसंस्करण संयत्र स्थापित किया गया है जहां पर दीदीयों ने विद्युत कनेक्शन की समस्या रखी। जिस पर कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग को 2 दिवस के अन्दर निराकरण करने के निर्देश दिए। वहीं पर गांव में कुंए के पानी को शुद्ध कराने हेतु कहा जिस पर कलेक्टर स्वयं कुंए का निरीक्षण कर पानी के महत्व को गंभीरता से लेते हुए तुरंत सहायक यंत्री पीएचई विभाग के श्री मनोज उपाध्याय को कुंए को साफ कर दवाई छिडकाव करने के निर्देश दिए जिससे गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सके।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत चांड़ा, ग्राम तांतर में बुडनेर नदी के उद्गम स्थल पर निर्मित जल गंगा संवर्धन योजना से तालाब का निर्माण किया गया। जिसका साफ-सुथरा पानी से ग्राम सिलपिडी, तांतर, चांडा और ठाडपथरा के लोगों को लाभ प्राप्त हो रहा है वहीं पर मौजूद चांडा के सरपंच सचिव और सहायक यंत्री आरईएस को स्व-सहायता समूह की दीदीयों को पालने हेतु सलाह दी, जिससे स्व-समूह की दीदीयों को स्वरोजगार का अवसर प्राप्त होगी और आत्मनिर्भर होकर दीदीयां महिला सशक्त होंगी।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने वन्या रेडियो का निरीक्षण किया। जहां पर स्थानीय लोक कलाकारों ने परधानी नृत्य के साथ कलेक्टर का स्वागत किया। वहीं पर श्रीमती गिरजा आंधवान वन्या रेडिया प्रभारी ने बीरन माला, फूलमाला के साथ स्वागत किया। वहीं पर कलेक्टर ने लोक नृत्य कलाकारों के साथ लोक नृत्य का आंनद लिया। कलेक्टर ने वन्या रेडियो के माध्यम से बैगाचक एवं जिलेवासियों को स्थानीय भाषा में दीपावली की हार्दिक शुभकामनाओं दीं। वहीं पर कलाकारों की सुन्दर प्रस्तुति देखकर सराहना की और पुनः आने को कहा।

निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, तहसीलदार भरत कुमार बट्टे, कृषि उपसंचालक सुश्री अभिलाषा चौरसिया, श्रीमती नेहा धूरिया, एनआरएलएम श्रीमती अर्पणा पाण्डेय, डीपीसी श्रीमती श्वेता अग्रवाल, कार्यपालन यंत्री पीएचई इमाम उल्ला खान, बीईओ तीरथ परस्ते, बीआरसी ब्रजभान गौतम, खाद्य अधिकारी कृष्ण कुमार मरावी, सहायक संचालक मत्स्य विभाग राकेश चंदेल, विशाल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कोतवाली पुलिस ने पकड़ी 11 पाव अवैध शराब

डिंडोरी। नगर के मुख्य बाजार के कई ठिकानों पर अवैध शराब बेचे जाने की खबर पर कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अपनी पड़ताल तेज कर दी है। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने बस स्टैंड के पास स्थित घोड़ा चैक पर छापेमारी कर 11 पाव अवैध अंग्रेजी शराब जप्त की। जानकारी के अनुसार आरोपी मनीष पिता स्व. रामप्रसाद बर्मन जाति ढीमर उम्र 27 साल निवासी वार्ड 4 मस्जिद मोहल्ला के कब्जे से 4 पाव जिनियस रम एवं 7 पाव जीनियस व्हिस्की शराब रखी हुई थी। उक्त व्यक्ति से शराब रखने व विक्रय करने के सबंध में दस्तावेज चाहा गया जो कोई दस्तावेज नही होना बताया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34ए आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। कोतवाली पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी के कब्जे से 11 पाव जिनियस शराब कुल कीमती 1419 रूपये गुरूवार को समय 12.40 बजे जप्त की गई।

### बाईक अनियंत्रित होने से दो सवार घायल

डिंडौरी। कोतवाली थाना अंतर्गत अमरकंटक रोड स्थित सिमरिया तिराहा के नजदीक गुरूवार शाम लगभग 6.30 बजे बाईक अनियंत्रित होने से दो सवार गिरकर घायल हो गये जिन्हें मार्ग में आने जाने वाले लोगों ने मदद करते हुये 108 एंबुलेंस वाहन से जिला चिकित्सालय में लाकर भर्ती कराया है। जिनका उपचार जारी है। अस्पताल चैकी पुलिस को दिये कथन में कमलेष कुमार पिता सुग्रीम राम रौतिया उम्र 24 वर्ष निवासी सिमरिया ने बतलाया कि गुरूवार को अपने चाचा के लडके पवन कुमार रौतिया उम्र 32 साल के साथ नई मोटरसाईकिल खरीदकर घर जा रहे थे मोटर साईकिल को पवन कुमार चला रहा था इसी दौरान सडक पर अचानक दौड़कर एक मवेषी आ गई जिससे बचने के लिए मोटरसाईकिल का तेज ब्रेक लगाया जिससे मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर पटरी में जा घुसी और बाईक समेत दोनों सवार गिरकर घायल हो गये।

### रसोईया संघ ने बकाया मानदेय दिलाये जाने के लिए सौंपा ज्ञापन

डिंडौरी। रसोईया संघ मध्यप्रदेश के बैनर तले अपनी समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में रसोईयों ने शुक्रवार को कलेक्टेट पहुंच अपनी मांगों को लेकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गये ज्ञापन में लेख किया गया है, कि दीपावली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए उन्हें बकाया तीन माह के मानदेय का तत्काल भुगतान कराया जाए। चार हजार रुपए मानदेय में उनका गुजारा मुश्किल से हो पाता है उन्हें निर्धारित कलेक्टर दर से भुगतान किया जावे। रसोईयों का मानदेय 5 तारीख तक कराए जाने की व्यवस्था की जाए ताकि उन्हें आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े।

## एसडीएम रामबाबू देवांगन की एक और सराहनीय पहल

### अब हर शुक्रवार को होगी बजाग मुख्यालय में सफाई



**बजाग**। तहसील एवं जनपद मुख्यालय बजाग में अनुविभागीय अधिकारी रामबाबू देवांगन के पदभार ग्रहण करने के बाद से क्षेत्र में लगातार सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। जनहित में लिए जा रहे निर्णयों के चलते प्रशासनिक व्यवस्था में नई ऊर्जा और अनुशासन झलक रहा है।इसी कड़ी में एसडीएम देवांगन ने एक और अनूठी पहल की है — अब हर सप्ताह शुक्रवार को बजाग मुख्यालय में सफाई अभियान चलाया जाएगा। यह निर्णय विशेष रूप से गुरुवार के साप्ताहिक बाजार के बाद नगर में फैलने वाले कचरे को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

एसडीएम के निर्देश पर ग्राम पंचायत स्तर पर रोजगार सहायक और उनकी टीम सफाई व्यवस्था संभालेंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बाजार के बाद नगर में पड़ा कूड़ा-कचरा पूरी तरह से साफ हो और क्षेत्र स्वच्छ एवं सुंदर दिखाई दे। शुक्रवार को ग्राम पंचायत बजाग रैयत में स्वच्छता अभियान के तहत व्यापक साफ-सफाई की गई। बाजार के बाद इकट्ठा हुआ कचरा पूरी तरह हटाया गया। ग्रामीणों में भी स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ती नजर आई।यह पहल न केवल बजाग में स्वच्छता का संदेश दे रही है बल्कि गांवों में जनभागीदारी से स्वच्छता के प्रति चेतना को भी बढ़ावा दे रही है। निश्चित रूप से यह कदम शासन के "स्वच्छ भारत अभियान" को मजबूती प्रदान करेगा।

**इनका कहना है —**

पहले बजाग मुख्यालय में बाजार में कचरा फैला रहता था। इस समस्या के समाधान के लिए ग्राम पंचायत को निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक शुक्रवार को नियमित रूप से सफाई की जाए।

**रामबाबू देवांगन, एसडीएम बजाग**

## नगर में बढ़ता आवारा श्वानों का आतंक, अधिवक्ता ने प्रशासन को सौंपा पत्र, सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के आदेशों का पालन सुनिश्चित करने की मांग

डिंडोरी।

नगर में आवारा श्वान का आतंक दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। आए दिन लोगों के काटे जाने, बच्चों और बुजुर्गों के घायल होने की घटनाएं आम हो गई हैं। इसी गंभीर समस्या को लेकर अधिवक्ता सम्यक जैन ने जिला प्रशासन को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट और मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए संबंधित विभागों से तत्काल एवं समयबद्ध कार्यवाही की मांग की गई है। अधिवक्ता जैन ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि नगर परिषद, पशु चिकित्सा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग



सभी की इस मामले में कानूनी जिम्मेदारी तय है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेशों के अनुसार सभी आवारा कुत्तों का नसबंदी एवं टीकाकरण किया जाना आवश्यक है। आक्रामक या खतरनाक कुत्तों की पहचान कर उन्हें अधिकृत शेल्टरों में रखा जाए। नगर सीमा में निर्धारित फीडिंग जोन तय किए जाएं और इन क्षेत्रों के बाहर सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को खिलाना प्रतिबंधित किया जाए। किसी भी व्यक्ति या संगठन द्वारा नगरपालिका के वैधानिक कार्यों में अवरोध डालने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। अधिवक्ता ने यह भी कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा और पशु कल्याण के बीच संतुलन आवश्यक है। यदि प्रशासन समय पर कार्रवाई नहीं करता, तो न सिर्फ नागरिकों की सुरक्षा खतरे में रहेगी बल्कि कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन भी होगा। उन्होंने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि तत्काल नसबंदी अभियान, टीकाकरण ड्राइव, शेल्टर होम और फीडिंग जोन निर्धारण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए, ताकि नगर में भयमुक्त और स्वच्छ वातावरण स्थापित किया जा सके। अधिवक्ता सम्यक जैन ने पत्र में यह भी उल्लेखित किया है कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई, तो नागरिकों के जीवन और स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु न्यायालय की शरण ली जाएगी।

## राजस्व, पुलिस और नगर परिषद अधिकारियों ने पटाखा दुकानों का किया निरीक्षण



अग्निशामक यंत्र एवं सुरक्षा सामग्री रखने के दिए निर्देश

डिंडौरी । शुक्रवार को धार जिले के गंधवानी में साप्ताहिक बाजार के दौरान पटाखा दुकानों में हुए विस्फोट की जानकारी मिलते ही जिले के प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए डिंडौरी नगर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। एसडीएम डिंडैरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीओपी सतीश द्विवेदी, थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे, नायब तहसीलदार शशांक शेण्डे तथा नगर परिषद का अमला शुक्रवार शाम उत्कृष्ट विद्यालय मैदान स्थित पटाखा दुकानों का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुश्री भारती मरावी ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि दो दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी बनाए रखें तथा सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दुकान पर अग्निशामक यंत्र, रेत और पानी की पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।एसडीएम ने दुकानदारों को यह भी निर्देश दिए कि बिजली के उपकरणों को दुकान के बाहर रखें, ज्वलनशील पदार्थों को पास न रखें, तथा आवश्यकता से अधिक पटाखों का भंडारण किसी भी स्थिति में न करें। साथ ही, पटाखा बाजार क्षेत्र में मुनादी कराकर लोगों को सावधान किया जाए कि वे किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ लेकर दुकानों के आसपास न आएं।

## नर्मदा तट पर गंदगी का अंबार श्रद्धालुओं की आस्था से कुठाराघात

डिंडोरी।

नगर में नर्मदा नदी के तट पर इन दिनों श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। लोग धार्मिक आस्था से स्नान करने पहुंचते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से जिस स्थान पर वे स्नान करते हैं, वहीं नाले का गंदा पानी नर्मदा में मिल रहा है। इस वजह से न केवल नदी का जल प्रदूषित हो रहा है, बल्कि श्रद्धालुओं की आस्था पर कुठाराघात के साथ स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है।





स्थानीय नागरिकों ने बताया कि नगरीय प्रशासन की लापरवाही और गंदगी नियंत्रण में उदासीनता के कारण यह स्थिति बनी हुई है। शहर के नालों का गंदा पानी बिना किसी शुद्धिकरण के सीधे नर्मदा में पहुंच रहा है। यह स्थिति न केवल धार्मिक दृष्टि से अपमानजनक है बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी बेहद खतरनाक साबित हो रही है। नर्मदा स्नान के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालु रोजाना उसी रास्ते से गुजरते हैं, जहां सड़कों पर फैला कचरा, कीचड़ और दुर्गंध ने लोगों का चलना दूभर कर दिया है। नर्मदा तट के आसपास गंदगी के ढेर लगे हैं, जिनसे मच्छर और बीमारी फैलाने वाले जीव पनप रहे हैं। इस बावद श्रद्धालुओं ने बतलाया कि हम आस्था से यहां स्नान करने आते हैं, लेकिन चारों ओर गंदगी देखकर मन खिन्न हो जाता है। गंदे नाले का पानी जहां से बहकर नर्मदा में मिल रहा है, वहीं श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं यह प्रशासन की घोर लापरवाही है। स्थानीय समाजसेवी संगठनों ने भी इस स्थिति पर नाराजगी जताई है और प्रशासन से नालों को बंद कराने, कचरा निस्तारण की समुचित व्यवस्था करने तथा नर्मदा तट की नियमित सफाई का आग्रह किया है। प्रशासन की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए नगरीय प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन की संयुक्त जिम्मेदारी है कि नर्मदा की स्वच्छता बनाए रखी जाए। लेकिन वर्तमान हालात दर्शाते हैं कि कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। यदि तत्काल प्रभाव से कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में यह क्षेत्र न केवल बीमारियों का केंद्र बन सकता है, बल्कि धार्मिक पर्यटन पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ेगा।

## नौनिहालों की थाली से निवाला गायब, एक माह से नहीं मिल रहा पोषण आहार

### समूह की लापरवाही आई सामने, आंगनबाडी केन्द्र बिरसामुंडा पुरानी डिंडौरी का मामला

**डिंडौरी।** शासन की मंशा अनुसार नौनिहालों को पोषण आहार प्रदाय करने की योजना आंगनबाडी केन्द्रों में सांझा चूल्हा योजना के तहत संचालित की जा रही है। लेकिन समूह के द्वारा नौनिहालों को खाली पेट ही घर वापस लौटाया जा रहा है। योजना के तहत आंगनबाडी केन्द्रों में सुबह बच्चों को सूखा नाश्ता, और मध्यान्ह में पोषण आहार प्रदाय किया जाना होता है। लेकिन विगत महीने से जिले की आंगनबाडी केन्द्रों में सूखा नाश्ता प्रषासन द्वारा बंद कर दिया गया है परंतु भोजन बच्चों को दिया जा रहा है। लेकिन जिला मुख्यालय के बिरसा मुंडा नगर में संचालित आंगनबाडी केन्द्र में समूह की लापरवाही से 17 सितम्बर 2025 से आज तक बच्चों को एक निवाला भी नहीं मिला और बच्चे खाली पेट ही घर लौट रहे हैं। यहां मध्यान्ह भोजन तैयार कर बच्चों की थाली तक पहुंचाने की जिम्मेदारी महिला जागृति स्व सहायता समूह की है, लेकिन समूह द्वारा एक माह से बच्चों की थाली से निवाला ही गायब कर दिया हैं। बतलाया गया कि इस आंगनबाडी केन्द्र में 40 बच्चों की दर्ज संख्या है हर रोज बच्चे आंगनबाडी केन्द्र पहुंचते हैं और उन्हें आस रहती है कि भोजन मिलेगा लेकिन प्रषासन द्वारा पूर्व में ही सूखा नाश्ता बंद कर दिया गया और अब समूह ने भी भोजन देना बंद कर दिया है। विगत एक माह से नौनिहालों को



भोजन नहीं मिल रहा है इसकी जितनी लापरवाही समूह की है, उतनी ही लापरवाही सांझा चूल्हा की निगरानी और निरीक्षण करने वाले अधिकारियों की भी है, कि जिला मुख्यालय में ही एक माह से आंगनबाडी केन्द्र में पोषण आहार बच्चों को नहीं दिया जा रहा है और इसकी भनक तक नहीं है। इससे साफ जाहिर होता है, कि जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्य के प्रति कितने संजीदा हैं। यदि समय-समय पर निरीक्षण किया जाता तो लापरवाही बरतने वाले समूह के पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई संभव थी। और दूसरे समूह को जिम्मेदारी सौंप बच्चों को पोषण आहार प्रदाय किया जाता। इस संबंध में जब जिला कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्याम सिंगौर से पूंछा गया तो उन्होंने कहा कि मैं पता करता हॅू कि किस वजह से समूह द्वारा बच्चों को पोषण आहार नहीं दिया जा रहा है।

## कन्या परिसर की छात्राओं ने खोखो प्रतियोगिता में मारी बाजी

### अच्छा प्रदर्शन करने वाली छात्राएं खेल मैदान को मोहताज

डिंडौरी। विकास खंड बजाग मुख्यालय स्थित शासकीय कन्या परिसर की छात्राओं ने राज्य स्तर पर खेलते हुए एक बार फिर अपने खेल का जौहर दिखाया है इस बार उन्होंने खो खो खेल में बाजी मारकर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है गौरतलब है कि परिसर की छात्राएं पूर्व में भी कई खेलो में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी है यहां की प्रतिभावान खिलाड़ी छात्राए राष्ट्रीय स्तर में कबड्डी खेल के लिए भी चयनित हो चुकी है।जबकि परिसर की छात्राओं को खेल की प्रैक्टिस करने हेतु एक अच्छा मैदान तक उपलब्ध नहीं है फिर भी यहां की छात्राएं पथरीले और असमतळ मैदान में खेलकर



उम्दा प्रदर्शन कर रही है अभी हाल ही में मध्यप्रदेश के धार जिला के कुक्षी में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आयोजित विभागीय शालेय राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सीनियर वर्ग - बालिका से माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर बजाग की बालिकाओं ने द्वितीय स्थान हासिल किया। अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में आयोजित प्रतियोगिता में परिसर की छात्राओं ने अपने खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता में कन्या शिक्षा परिसर की छात्राएं पुष्पलता मरावी, अर्चना परस्ते, भूमिका मरकाम, कीर्ति वाटिया, खुशबू परस्ते, रेशमी पंद्राम, स्वाति मार्को, कनिष्का मरावी ने भाग लिया। जिनमें से चार छात्राओं पुष्पलता मरावी, अर्चना परस्ते, स्वाति मार्को, कीर्ति वाटिया का चयन विभागीय राज्य स्तरीय से शालेय राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में हुआ। खेल प्रशिक्षक सूरज पट्टा और विद्यालय प्रबंधन के मार्गदर्शन में खो-खो में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।इस जीत पर छात्राओं का विद्यालय के प्राचार्य बलवीर मरावी एवं अन्य शिक्षकों के द्वारा सम्मान किया गया एवं उनको अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## बच्चे धुल रहे हैं थाली बेपरवाह प्रबंधन, मध्याह्न भोजन योजना बनी मजाक

**डिंडौरी।** जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत माध्यमिक शाला मझगांव में जहां एक ओर हाथ धुलाई कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा था, वहीं दूसरी ओर एक तस्वीर ने पूरे तंत्र की हकीकत उजागर कर दी यहां बच्चे मध्यान्ह भोजन ग्रहण करने से पहले अपनी थालियाँ स्वयं धोते नजर आए। शासन ने विद्यार्थियों को गरिमामय भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रसोइयों की नियुक्ति की है, जिन्हें प्रतिमाह 4000 रूपये का पारिश्रमिक दिया जाता है। इसके बावजूद विद्यालय में नौनिहाल स्वयं अपनी थालियाँ धोने को विवश हैं। सवाल उठता है कि जब शासन ने



रसोइयों की व्यवस्था की है, तो छात्रों को यह काम क्यों करना पड़ रहा है? यह दृश्य न केवल शासन की योजनाओं पर प्रश्नचिन्ह लगाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि विद्यालय प्रशासन और जनपद स्तरीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से कितने बेपरवाह हैं। छात्रों का जीवन अब केवल पढ़ाई-लिखाई तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि वे एक नौनिहाल मजदूर के रूप में अपने भविष्य को गढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं जिम्मेदार भी क्षेत्रीय भ्रमण से दूरियां बनाये हुये हैं जिसका परिणाम है कि बच्चों के द्वारा ही अपनी थाली धुली जा रही है। यदि समय-समय पर निरीक्षण किया जाता तो यह नजारा देखने नहीं मिलता । अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले पर क्या संज्ञान लेता है, क्या उन अधिकारियों पर कार्रवाई होगी जो बच्चों को व्यवस्था के अभाव में श्रम करने को मजबूर कर रहे हैं, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## खबर संक्षेप

### यातायात प्रभारी निरीक्षक ने स्कूलों को थमाये नोटिस



**तेंदूखेड़ा।** सड़क सुरक्षा के साथ साथ स्कूली वाहनों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए जा रहे निर्देशो को दृष्टिगत रखते हुए यातायात निरीक्षक ममता तिवारी द्वारा तेंदूखेड़ा क्षेत्र में सतत स्कूली वाहनों की चौकसी करते हुए स्कूल संचालकों को नोटिस जारी करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार स्कूलों के बाहनो के रजिस्ट्रेशन बीमा परमिट फिटनेस एवं बाहन का ड्राइविंग लाइसेंस बैध होना चाहिए एवं परमिट में दर्शाये हुये बच्चों की संख्या अनुसार ही बच्चों का परिवहन किया जाना चाहिए।साथ ही साथ स्कूल बस पीले रंग की होनी चाहिए स्कूल बस में फस्ट एन्ड बाक्स की सुविधा बस में गति मापक यंत्र बस की खिड़कियों पर सरिया की जाली हो। बसों में अग्निशमन यंत्र की सुविधा हो तथा स्कूल का नाम दूरभाष क्रमांक हो। बसों में दरवाजे पर ताले ठीक स्तिथि में हो चालक के पास पांच वर्ष पुराना भारी यात्रा बाहन का लाइसेंस हो अपराधिक व्यक्तियों से स्कूली बाहन नहीं चलवाये जावें सहित विभिन्न हिदायतें दी गई है।

### नहीं रहे मनोज कन्हौआ



**तेंदूखेड़ा।** गत दिवस इमझिरा के प्रतिष्ठित कन्हौआ परिवार के मूलचंद कन्हौआ के सुपुत्र एवं ग्राम पंचायत ऊमरपानी के सचिव मनोज कन्हौआ की गत रात्रि में अचानक हृदय गति रुक जाने के कारण असमय दुखद निधन हो गया। जिन्हें क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों तथा पंचायतों से जुड़े अधिकारियों कर्मचारियों ने श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी। मनोज कुमार काफी मिलनसार कर्मठ ईमानदार सचिव थे।

### नरवाई जलाने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

# किसान सुपर व हैप्पी सीडर जैसे कृषि यंत्रों का करें उपयोग

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले मे किसानों द्वारा नरवाई जलाने पर रोक लगाई गई है। उप संचालक कृषि मोरिस नाथ ने बताया कि नरवाई जलाने से अग्नि दुर्घटना, जन- धन की हानि, खेतों व खलिहानों में रखी फसलों को नुकसान, भूमि में कार्बनिक तत्वों एवं मृदा की उर्वरक शक्ति का हास होता है। इन विपरीत प्रभावों को देखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा अंतर्गत फसल कटाई उपरांत नरवाई में आग लगाने की घटनाओं को प्रतिबंधित भी किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज कर पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि के प्रावधान अनुसार आर्थिक दंड अधिरोपित किया जाएगा। जिसमें 2 एकड़ से कम भूमि पर 2500 रुपए, 02 एकड़ से अधिक एवं 5 एकड़ से कम भूमि पर 05 हजार रूपये तथा 05 एकड़ से अधिक भूमि पर 15 हजार रूपये आर्थिक दंड अधिरोपित किया जाएगा।



#### सुपर व हैप्पी सीडर का रकें उपयोग

उन्होंने बताया कि जिले में खरीफ फसलों की कटाई का कार्य जारी है। फसल कटाई के पश्चात कृषकगण अपने खेतों में सुरक्षात्मक उपाय अपनाए बिना फसल अवशेषों एवं खड़े डंठलों में आग लगाकर इसे नष्ट करते हैं। जिससे पर्यावरण प्रदूषण के साथ- साथ आसपास के खेतों में भी आगजनी से नुकसान की संभावनाएं रहती हैं। जिले के किसान फसल अवशेष प्रबंधन को महत्व्व दें एवं सुपर व हैप्पी सीडर जैसे कृषि यंत्रों का उपयोग करें, जिससे बुवाई एवं जमीन की तैयारी एक साथ होती है। सुपर सीडर के उपयोग से पराली प्रबंधन आसानी से किया जा सकता है, जो पराली को जलाए बिना ही नष्ट कर देता है। इस संबंध में पोर्टल पर समय-समय पर सुपर सीडर के आवेदन लिए जाते हैं। जिले के कृषक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृषि अभियांत्रिकी अधिकारी यूबी सिंह एवं नोडल अधिकारी सहायक संचालक कृषि (गन्ना) डॉ. अभिषेक दुबे से संपर्क कर सकते हैं।

#### पर्यावरण होता है दूषित

तीनों सीजन में फसल लेने के कारण नरवाई जलाने की अधिक संभावना रहती है। फसल अवशेष प्रबंधन को ध्यान रखने के लिए जिले में वर्तमान में 465 सुपरसीडर उपलब्ध है, जो कि संभाग में सर्वाधिक है। जिन किसानों के पास सुपरसीडर उपलब्ध है, उनकी सूची विकासखण्ड ग्रामवार में प्रकाशित की गई है, ताकि जिन किसानों द्वारा नरवाई जलाई जाती है, वे किसान उपलब्ध सुपरसीडर का उपयोग कर नरवाई प्रबंधन कर सकते हैं। नरवाई प्रबंधन के लिए सुपरसीडर का प्रचार- प्रसार करने के कारण वर्ष 2025 में भी 80 लक्ष्य के विरूद्ध 366 हेप्पीसीडर सुपरसीडर के आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने सभी किसानों से कहा है कि फसलों के अवशिष्ट नरवाई नहीं जलाएं। यह दण्डनीय अपराध है। इससे हजारों- लाखों निरपराध जीव-जंतु मारे जाते हैं। खेत की मिट्टी के पोषक तत्व जल जाते हैं, जिससे पैदावार कम होती है। गायों के खाने के लिए भूसे की कमी हो जाती है। नरवाई जलाने से पर्यावरण भी प्रदूषित होता है।

#### नरवाई जलाने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर श्रीमती रजनी सिंह ने वायु मंडल, पर्यावरण एवं भूमि की क्षति को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक हित में नरसिंहपुर जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र के लिए नरवाई जलाने की प्रथा पर तत्काल अंकुश लगाने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जन सामान्य को बाधा, क्षति, मानव जीवन स्वास्थ्य, क्षेम के खतरे के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जिले की सीमाओं में खेत में खड़ी फसलों के डंठलों (नरवाई) एवं फसल अवशेषों में आग लगाए जाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। इस आदेश 16 अक्टूबर 2025 से 2 माह की अवधि के लिए प्रभावशील रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

## नियमों को दरकिनार कर किया जा इलाज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले मे झोलाछाप डाक्टरों का मकड़जाल जमकर फैला हुआ नियमों को धता दिखाते हुए झोला छाप डाक्टरों द्वारा लोगों को मनमाफिक उपचार दिया जा रहा है। ऐसा ही मामला जिले के मलाह पिपरिया से सामने आया जहां पर डाक्टर गोपाल गोस्वामी द्वारा नियमों को दरकिनार कर धड़ल्ले से उपचार किया जा रहा है। जबकि क्लीनिक के संचालन के लिए क्लीनिक का पंजीयन होना बेहद आवश्यक होता है तथा इंजेक्शन आदि लगाने के लिए प्रशिक्षित नर्सिंग का होना भी जरूरी रहता है लेकिन यहां पर धड़ल्ले से नियमों को धता दिखाते हुए क्लीनिक संचालित की जा रही है। क्लीनिक संचालन के लिए पंजीयन के साथ साथ मेडिकल वेस्ट को भी खुले मे फेका जा रहा है। प्रशासन को चाहिए की ऐसे लोगो पर ठोस कार्रवाई की जाए जिससे लोगों की जान से खिलवाड़ ना हो वही छिंदवाड़ा मे हुई घटना से स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं की हकीकत लोगों के सामने आ चुकी है प्रशासन को चाहिए कि जिले मे अवैध रूप से क्लीनिक चलाने वालों पर भी ठोस कार्रवाई करे जिससे स्वास्थ्य विभाग पर लगने वाले दाग को रोका जा सके।

## भारत विकास परिषद् द्वारा गीत गायन प्रतियोगिता आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस भारत विकास परिषद् विवेकानंद शाखा एवं नगर शाखा द्वारा संयुक्त रूप से शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूह गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय पी जी कालेज ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद् के रीजनल इंजी. सुनील कोठरी, प्रांत अध्यक्ष संजय तिवारी, प्रांतीय संस्कार प्रमुख आशुतोष वर्मा, अध्यक्ष (दोनो शाखा) उमेश दुबे व एस के नेमा द्वारा भारत माता, स्वामी



विवेकानंद और सरस्वती जी का पूजन व दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया। परिषद द्वारा संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत प्रतिवर्ष विद्यालयों के बीच यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है जिसमे प्रत्येक विद्यालय के समूह द्वारा हिंदी व संस्कृत के गीतों का लयबद्ध गायन देशी वाद्य यंत्रों के साथ किया जाता है। और प्रथम स्थान प्राप्त टीम को प्रांतीय प्रतियोगिता में शाखा का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होता है। इस वर्ष प्रतियोगिता में विवेकानंद शाखा की ओर से प्रतियोगिता में शामिल टीमों में सांदीपनि विद्यालय प्रथम, रोशन धौरेलिया वर्ल्ड स्कूल द्वितीय एवं गुरुकुल ज्ञान मंदिर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार नरसिंहपुर शाखा से चाणक्य विद्यापीठ प्रथम, चावरा विद्यापीठ द्वितीय व सरस्वती विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही उत्कृष्ट विद्यालय को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी टीमों को परिषद द्वारा प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान प्रदान किए गए।

### गौवंश से भरा ट्रक पलटा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीती रात थाना क्षेत्र स्टेशनगंज एनएच-44 पर गौवंश से भरा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में तीन गौवंशों की मौत हो गई, जबकि 29 सुरक्षित पाए गए। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया था। हालांकि पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए आईटीओ ऑफिस के पास ट्रक को पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक, ट्रक में कुल 32 गौवंश भरे हुए थे। यह ट्रक राजस्थान का बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्टेशनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। मौके से ट्रक चालक और परिचालक फरार हैं। पुलिस ने सुरक्षित गौवंशों को उचित स्थान पर पहुंचाया है। मामले की जांच जारी है और पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मवेशियों को कहां से लाया जा रहा था और कहां ले जाया जा रहा था।

### नहरों से जल लेने हेतु मांग पत्र आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर डिस्नेट संभाग नरसिंहपुर एमसी मरावी ने वर्ष 2025- 26 की रबी फसलों की नहरों से सिंचाई के लिए जल लेने केसली माइनर, सिवनी डिस्ट्रीव्यूटरी, मातनपुर माइनर, भदगवां शाखा नहर, अंडिया डिस्ट्रीव्यूटरी, सुरगी डिस्ट्रीव्यूटरी, कंदेली डिस्ट्रीव्यूटरी, रहली डिस्ट्रीव्यूटरी एवं मुख्य नगर के बीच डायरेक्ट माइनरों से 187 ग्रामों के किसानों से 31 अक्टूबर 2025 के पूर्व तक तक मांग पत्र एवं अनुबंध प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, ताकि नहरों से रबी फसलों के लिए निर्धारित तिथि से जल प्रवाह किया जा सके। इन ग्रामों में 31 हजार हेक्टर रकबे में रबी फसलों की सिंचाई का लक्ष्य रखा गया है।

### ज्ञापन सौंपकर दी चेतावनी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार करणी सेना द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की गई। ज्ञात हो कि बती दिनो जिला मुख्यालय पर थाना कोतवाली के सामने कुछ महिलाओं द्वारा सालकराम राजूपत के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट करते हुए कपड़े फाड़ दिए थे। उक्त मामले को लेकर करणी सेना द्वारा ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए ठोस कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन मे बताया गया है कि इस मामले में एक तरफा कार्रवाई की जा रही है इस प्रकार में साजिश के तहत मारपीट की गई है। साजिशकर्ताओ के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। कहा गया कि अगर सात दिनों के अंदर कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उक्त मौके पर करणी सेना के जिला अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, शैलेन्द्र राजपूत सहित बड़ी संख्या मे करणी सेना के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

### विश्व खाद्य दिवस पर हुआ आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ग्राम विकास प्रभाग के द्वारा विश्व खाद्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें नरसिंहपुर सेवा केंद्र संचालिका बीके कुसुम बीके प्रीति के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई।बच्चों द्वारा स्वागत में नृत्य प्रस्तुत किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बी के प्रीति ने बताया विश्व खाद्य दिवस का मुख्य उद्देश्य समाज में भुखमरी क कुपोषण जैसी समस्याओं के निदान के लिए जनमानस में जागृति होना बहुत जरूरी है। अन्नदाता किसान बंधुओ को भी सम्मान देने का विशेष दिवस होना चाहिए जो दिन रात परिश्रम व कड़ी मेहनत करके हर घर में पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराते हैं।उन्होंने बताया जहां एक तरफ परिवारों में भोजन के महत्व को ना समझने के कारण भोजन की थाली में भी भोजन व्यर्थ किया जाता है। जबकि एक तरफ समाज में कुछ मनुष्य ऐसे हैं जिन्हें एक टाइम का भोजन भी नसीब नहीं होता है।पारिवारिक आयोजन एवं धार्मिक आयोजनों में भोजन को व्यर्थ न करने का विशेष संकल्प कराया एवं सभी को विश्व खाद्य दिवस पर प्रतिज्ञा भी कराई अंत में अन्नदाता किसानों को, तिलक ईश्वरीय सौगात व प्रभु प्रसाद भी वितरण किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे।

## दीपोत्सव के पूर्व दीप निर्माण

गोटेगांव सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में प्रकाश पर्व दीपावली के पावन पर्व पर प्राथमिक विभाग में नर्सरी से लेकर पंचम तक के भैया बहनों ने दीप निर्माण कर सहभागिता दी भैया बहनों के दीप को देखकर ऐसा लग रहा था उनकी कलाकारी अद्भुत प्रस्तुति दी आचार्य ने दीपावली क्यों मनाई जाती है पर अपना व्याख्यान रखा कक्षा चतुर्थ से पंचम तक के भैया बहनों ने दीपावली के पूर्व निबंध लेखन का कार्य किया इस संसार पर प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता ने पंचदेवशिया दीपावली पर्व पर अपना उद्बोधन देती हुई कहा कि धनतेरस नरक चतुर्दशी लक्ष्मी पूजन गोवर्धन पूजन क्यों मनाई जाती है उसे पर अपना विचार व्यक्त किया कार्यक्रम में किशोर शुक्ला संजय जैन सरदार पटेल अंजना दीक्षित पूजा यादव सोनम राजपूत तुलसा नामदेव आदि उपस्थित

## मुरलीधर विद्यालय में गणित संबंधित खेल व एक्टिविटी का हुआ आयोजन

स्वतंत्र समय, श्रीधाम क्त में दिखाई पड़ेंगे, खिलाड़ियों के कदम दिखाई देंगे। जिन्होंने का नाम रोशन करने मस्ते सदा वत्सले पत्मसात किया और के लिए समर्पित कर पाकर हम डंडा हाथ नकर नमस्ते सदा गुनाने तो लगे हैं, अपनी मेहनत और नमस्ते सदा वत्सले क खिलाड़ियों को नों पर आपसे एक कदार थे।विगत दिवस स्थानीय श्रीदेव मुरलीधर विद्यालय में विद्यार्थियों में गणित विषय का डर दूर कर उसके प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य हेतु हैल्थ एंड वेलनेस क्लब के सहयोग से दैनिक जीवन में गणित संबंधित खेल एवं एक्टिविटी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की अंग्रेजी माध्यम की कक्षा 11वीं और कक्षा 12 वीं (गणित संकाय) के विद्यार्थियों द्वारा गणित की गतिविधियों के आयोजन में कई तरह के खेल जैसे संख्या रेखा आकार पहेली और संख्याओं के माध्यम से गुणन जैसीगतिविधियों का उपयोग किया गया, ये गतिविधियाँ छात्रों को जोड़ना घटाना आकृतियों की पहचान करना गुणन और भिन्नों जैसी गणितीय अवधारणाओं कोसक्रिय रूप से सीखने और अभ्यास करने में मदद करती हैं, इसके अतिरिक्त, इन खेलों को व्यवस्थित करने से छात्रों का गणित के प्रति डर कम होता है, उनमें रुचि बढ़ती है और समस्या समाधान व रचनात्मकता जैसे कौशलविकसित होते हैं, कार्यक्रम में बाल शिक्षा समिति अध्यक्ष पंकजजैन कोषाध्यक्ष शिवाजीत ताम्रकार सहसचिव आनंद अग्रवाल एवं प्राचार्य शिवशंकर पाठक की उपस्थिती में अध्यक्ष पंकज जैन ने विद्यार्थियों की मेहनत एवं खेलो से संबंधित एक्टिविटी के प्रति लगन की सराहना कर अन्य सभी विद्यार्थियों को इस प्रकार के आयोजनो में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, यह कार्यक्रम विद्यालय के शिक्षक मोहित चौकसे और अंकितनेमा के प्रशिक्षण में संपन्न हुआ।

## दीप सजाओं प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नगर के हृदय स्थल में स्थित बाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित *शिशु बाल मंदिर दानागंज विद्यालय* में दीपावली महापर्व पर *दीपावली के महत्व* को समझाने के लिए *वंदनवार एवं दीपक सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया* जिसमें विद्यालय परिवार के
अध्यक्ष पंकज जी जैन सह सचिव एवं शिशु बाल मंदिर विद्यालय के व्यवस्था आनंद जी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शिवाजीत जी ताम्रकार, सम्मिलित हुए और *सभी को दिवाली महापर्व की अग्रिम अनंत शुभकामनाएं देते हुए नन्हें मुन्ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया जिससे संपूर्ण विद्यालय बच्चों के हर्ष और उल्लास से दीपक की रोशनी सा जगमगा उठा इस कार्यक्रम की व्याख्या करते हुए विद्यालय के प्रधान पाठक कमलेश कुमार जी नामदेव ने कहा - *कोई भी त्यौहार, हमारे जीवन में सांस्कृतिक, सामाजिक,आर्थिक, और नैतिक मूल्यों का ज्ञान देती हैं और यही ज्ञान हमें हमारे बच्चों को भी देना है*।

# धनतेरस से भाईदूज तक पांच पर्वों का महोत्सव दीपावली आज से

**तेंदूखेड़ा।** सनातन हिंदू परंपरा का सुख समृद्धि धन वैभव के साथ जीवन में प्रकाश विकास आरोग्यता का प्रतीकात्मक दीपावली का महापर्व आज धनतेरस से प्रारंभ होकर भाई दोज तक पांच प्रमुख पर्वों का समुच्चय है। दीपावली का पर्व पांच दिनों तक दीपोत्सव के रुप में मनाने की हमारी पुरातन काल से परंपरा चली आ रही है। इन सभी पर्वों के मनाने के पीछे आध्यात्मिक और वैज्ञानिक कारण हैं। ये सभी त्यौहार हमारे आपसी सद्भाव प्रेम भाईचारा के प्रतीक हैं।

*धनतेरस धन्वंतरि जयंती शनि प्रदोष आज*

कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी को धनवन्तरी जयंती और धनतेरस का पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष धनतेरस आज शनिवार 18 अक्टूबर को मनाई जाएगी। आज शनि प्रदोष व्रत भी रहेगा। इस दिन आयुर्वेद के आदि प्रवर्तक भगवान विष्णु के अवतार भगवान धनवंतरी का पूजन किया जाता है। चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग आयुर्वेदिक औषधियों के साथ धनवंतरी भगवान का पूजन करते हैं। इस दिन रात्रि काल में अपमृत्यु के निवारण हेतु आरोग्यता और दीर्घायु के लिए यमराज के लिए दीपदान किया जाता है।

### नरक चतुर्दशी कल

चंद्रोदय व्यापिनी कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को नरक चतुर्दशी रूप चौदस का पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष 19 अक्टूबर रविवार को यह पर्व मनाया जाएगा। आचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि इस दिन नरकों से मुक्ति के लिए प्रातः काल तेल उबटन आदि लगाकर जल में अपामार्ग के पत्ते डालकर स्नान करना चाहिए। सुंदर रुप और सौंदर्य के लिए इस दिन सौंदर्य रूप भगवान कृष्ण का पूजन करना चाहिए। अपने घर के बाहर यमराज की प्रसन्नता के लिए चौमुखा दीपक बनाकर चंदन अक्षत पुष्प से पूजन करके दीपदान किया जाता है। इस दिन तुलसी पीपल और देवालयों में भी दीपदान करना चाहिए।



### **पञ्चांगकारों के मत मतान्तर से 2 दिन मनेगी दीवाली

ज्योतिषाचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि प्राचीन सूर्य सिद्धांत ग्रह लाघव आदि पद्धति से निर्मित पंचांग और दृश्य गणित पद्धति से निर्मित पंचांग के तिथ्यादि साधन में भिन्नता के चलते अनेकों व्रत पर्वों में मतान्तर की स्थिति बनी रहती है। क्षेत्रीय पर्व और छोटे त्योहारों में मतान्तर कुछ क्षेत्र विशेष को ही प्रभावित करता है। लेकिन सनातन हिंदू परंपरा के कुछ बड़े महत्वपूर्ण व्रत पर्व हैं जो पूरे भारत में मनाये जाते हैं इनमें एकरूपता बहुत आवश्यक है।
मत भिन्नता के चलते लोगों में त्योहारों को मनाने के प्रति भ्रम बना रहता है। हमारे क्षेत्र में प्रचलित पंचांगों के अनुसार दिनांक 20 अक्टूबर सोमवार को चतुर्दशी तिथि दोपहर बाद 2:50 पर समाप्त होकर अमावस्या प्रारंभ हो जाएगी मंगलवार को अमावस्या सूर्यास्त के पूर्व 4:20 बजे समाप्त हो जाएगी। प्रदोष व्यापिनी अमावस्या सोमवार को होने से दीपावली पूजन सोमवार 20 अक्टूबर को होगा। दृश्य गणित पद्धति से निर्मित पंचांगों के अनुसार इस वर्ष 21 अक्टूबर मंगलवार को अमावस्या सायं काल 5:55 बजे तक रहेगी। भारत में अनेकों क्षेत्रों में सूर्यास्त के बाद भी अमावस्या रहेगी। भारत के अनेकों क्षेत्रों में इस गणना के आधार पर बनने वाले पंचांगों में दीपावली पूजन मंगलवार 21 अक्टूबर को लगाई है।इस कारण से भारत के कई क्षेत्रों में दीपावली इसी दिन मनाई जाएगी।

### दीपावली और लक्ष्मी पूजन

कार्तिक कृष्ण पक्ष की अमावस्या को दीपोत्सव का महापर्व दीपावली पूरे भारत में मनाने की परंपरा है। इस दिन सभी लोग नए वस्त्र आभूषण पहनकर हर्षोल्लास पूर्वक भाईचारा के साथ धन वैभव की अधिष्ठात्री लक्ष्मी जी का पूजन करते हैं। प्रदोष बेला से ही पूजन कार्य प्रारंभ हो जाता है। गणेश कलश सरस्वती कुबेर इंद्र और महालक्ष्मी का विधिवत पूजन किया जाता है। व्यापारी लोग अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों में बहीखाता कलम दवात तिजोड़ी की पूजन करते हैं। श्री सूक्त लक्ष्मी सूक्त कनकधारा स्तोत्र गोपाल सहस्रनाम के पाठ कराते हैं। परंपरा के अनुसार घी और तेल के दीपक जलाकर उनका पूजन किया जाता है।
दीपावली पर पित्र दोष के निवारण के लिए श्राद्ध, सर्प दोष कालसर्प दोष और जन्म कुण्डली में बने कई प्रकार के श्रापित दोषों के निवारण के लिए उपाय, ग्रह दोष निवारण के लिए भी दीपावली पर श्रेष्ठ मुहूर्त होते हैं।
*अन्नकूट गोवर्धन पूजा भाईदोज*
कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा बुधवार 22अक्टूबर को अन्नकूट गोवर्धन पूजा होगी। अनेकों क्षेत्रों में सायंकाल गोक्रीडा भी होती है। कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया गुरुवार को भ्रातृ द्वितीया यम द्वितीया भाईदूज का पर्व मनाया जायेगा।

### बच्चों ने बनाई रंगोली एवं सजाई पूजन थाली



**तेंदूखेड़ा।** गत दिवस सर्वोदय विद्यालय मे बच्चों ने सुंदर रंगोली सजाई एवं पूजन थाली सजाई प्रतियोगिता का आयोजन किया। घरेलू उपयोग विहीन सामग्री के माध्यम से सुंदर बंदनवार बनाये गये। श्रेष्ठ प्रस्तुतियों को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

